SET-3

Series WXY5Z

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

**खण्ड क**

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा दिल्ली में यमुना के जल का सबसे प्रमुख प्रदूषक है ?

(A) बाढ़ के पानी का फैलाव

(B) घरेलू अपशिष्ट को नदी में डालना

(C) कीटनाशकों का उपयोग

(D) उर्वरकों का उपयोग

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION A

*Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

**1.** Which one of the following is the main polluter of Yamuna water in Delhi ?

(A) Flood water spreading

(B) Dumping of domestic waste

(C) Use of pesticides

(D) Use of fertilizers

**2.** ‘भोजन संग्रहण’ की गतिविधि से संबंधित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. यह बाज़ारोन्मुख है और वाणिज्यिक हो गई है।

II. आखेट एक गैर-सततपोषणीय (असंवहनीय) गतिविधि है।

III. लोग कीमती पौधों को एकत्र करते हैं और साधारण संशोधन करके उन्हें बेचते हैं।

IV. लोगों ने क्षेत्रों में पाए जाने वाले पशुओं का चयन कर पालतू बनाया।

विकल्प :

(A) II, III और IV सही हैं
(B) I, II और III सही हैं
(C) I, III और IV सही हैं
(D) I, II और IV सही हैं

**3.** ‘थोक व्यापार’ से संबंधित सही कथन का चयन कीजिए।

(A) थोक व्यापार उपभोक्ताओं को वस्तुओं के प्रत्यक्ष विक्रय से संबंधित है।

(B) थोक व्यापार फेरी रेहड़ी, द्वार-से-द्वार और स्वचालित बिक्री मशीनों द्वारा होता है।

(C) थोक व्यापार का गठन अनेक बिचौलिए सौदागरों और आपूर्ति घरों द्वारा होता है।

(D) थोक व्यापार में अधिकतर विक्रेता फुटकर विक्रेताओं की पूँजी पर ही कार्य का संचालन करते हैं।

**4.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सभी देशों के लिए परस्पर लाभदायक है।

*कारण (R) :* यह आवश्यकता की वस्तुओं को अन्य देशों से प्राप्त करने में सहायता करता है।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**5.** वे पत्तन जो समुद्र से एक नहर द्वारा जुड़े होते हैं, कहलाते हैं :

(A) अंतर्देशीय पत्तन
(B) वाणिज्यिक पत्तन
(C) बाह्य पत्तन
(D) औद्योगिक पत्तन

2. Read the following statements related to 'gathering' carefully and choose the correct option.

I. It is market-oriented and has become commercial.

II. Hunting is an unsustainable activity.

III. People collect valuable plants and after simple processing sell them.

IV. People selected and domesticated animals found in the regions.

Options :

(A) II, III and IV are correct
(B) I, II and III are correct
(C) I, III and IV are correct
(D) I, II and IV are correct

3. Choose the correct statement related to 'wholesale trading'.

(A) Wholesale trading is concerned with the sale of goods directly to the consumers.

(B) Wholesale trading is done through street peddling, door-to-door and automatic vending machines.

(C) Wholesale trading constitutes bulk business through numerous intermediary merchants and supply houses.

(D) In wholesale trading, most of the sellers operate on the capital of retailers.

4. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* International trade is mutually beneficial to nations.

*Reason (R) :* It helps in getting the needed items from other countries.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

5. The ports which are linked to the sea through a canal are called :

(A) Inland Ports
(B) Commercial Ports
(C) Out Ports
(D) Industrial Ports

6. निम्नलिखित राज्यों को उनके बॉक्साइट के उत्पादन के अनुसार (उच्चतम से निम्नतम) क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. छत्तीसगढ़ II. गुजरात

III. झारखंड IV. ओडिशा

विकल्प :

(A) IV, III, II, I (B) II, I, III, IV

(C) III, IV, I, II (D) I, IV, II, III

7. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* सस्ते मूल्य, भारी वजन एवं वजन घटने वाले पदार्थों पर आधारित उद्योग कच्चे माल के स्रोत स्थल के समीप स्थित हैं।

*कारण (R) :* उत्पादों के मूल्य को कम करने के लिए ऐसा किया जाता है।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(D) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

8. भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण का उद्देश्य है :

(A) महत्त्वपूर्ण नगरों की सड़कों का विकास और रख-रखाव करना।

(B) राज्यों की राजधानियों को जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण करना।

(C) राज्य के नगरों को राजधानी से जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण करना।

(D) देश की सभी सड़कों का निर्माण एवं रख-रखाव करना।

9. भौमजल संसाधन का मध्यम दर से उपयोग करने वाले राज्यों के सही समूह का चयन कीजिए।

(A) उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान

(B) छत्तीसगढ़, केरल, पंजाब

(C) गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार

(D) हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड

6. Arrange the following states in sequence (highest to lowest) according to their production of Bauxite and choose the correct option.

I. Chhattisgarh | II. Gujarat

III. Jharkhand | IV. Odisha

Options :

(A) IV, III, II, I | (B) II, I, III, IV

(C) III, IV, I, II | (D) I, IV, II, III

7. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* Industries based on cheap, bulky and weight-losing material are located close to the sources of raw material.

*Reason (R) :* It is followed to reduce the cost of products.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is incorrect, but (R) is correct.

(D) (A) is correct, but (R) is incorrect.

8. The objective of National Highway Authority of India is :

(A) To develop and maintain roads of important towns.

(B) To construct roads for connecting capitals of states.

(C) To construct roads for connecting state's towns to the capital.

(D) To construct and maintain all the roads of the country.

9. Choose the correct group of states utilizing their groundwater resource moderately.

(A) Uttar Pradesh, Haryana, Rajasthan

(B) Chhattisgarh, Kerala, Punjab

(C) Gujarat, Uttar Pradesh, Bihar

(D) Haryana, Himachal Pradesh, Uttarakhand

**10.** भारत में ग्रामीण से नगरीय क्षेत्र की ओर जनसंख्या प्रवास के निम्नलिखित कारकों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रतिकर्ष कारकों के सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. बेरोज़गारी

II. रोज़गार के अवसर

III. आर्थिक पिछड़ापन

IV. चिकित्सा सुविधाओं का अभाव

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल II, III और IV सही हैं।

(D) केवल I, III और IV सही हैं।

**11.** ''कृषि योग्य भूमि पर दबाव का कारण केवल सीमित उपलब्धता ही नहीं, वरन इसकी गुणवत्ता में कमी भी इसका कारण है।'' इस कथन के संदर्भ में निम्नलिखित कारणों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. मृदा अपरदन तथा जलाक्रांतता

II. मृदा की लवणता तथा भू-क्षारता

III. समृद्ध भू-उर्वरकता और बहुफ़सली कृषि

IV. भूमि की उत्पादकता में कमी

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल II, III और IV सही हैं।

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा जलमार्ग 'पनामा नहर' का उपयोग करता है ?

(A) योकोहामा और वैंकूवर के बीच

(B) ऑकलैंड और होनोलूलू के बीच

(C) सान फ्रांसिस्को और न्यूयार्क के बीच

(D) लंदन और अदन के बीच

10. Read the following factors of population migration in India from rural to urban areas carefully and choose the correct option of push factors.

I. Unemployment

II. Job opportunities

III. Economic backwardness

IV. Lack of medical facilities

Options :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only II, III and IV are correct.

(D) Only I, III and IV are correct.

11. "The pressure on agricultural land increases not only due to the limited availability, but also by deterioration of quality of agricultural land." In the context of this statement read the following reasons carefully and choose the correct option.

I. Soil erosion and waterlogging.

II. Salinisation and alkalinisation of soil.

III. Rich land fertility and multiple cropping.

IV. Decline in land productivity.

Options :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

12. Which one of the following waterways uses the 'Panama Canal' ?

(A) Between Yokohama and Vancouver

(B) Between Auckland and Honolulu

(C) Between San Francisco and New York

(D) Between London and Aden

13. निम्नलिखित में से 'नमामि गंगे कार्यक्रम' के एक उद्देश्य का चयन कीजिए :

(A) औद्योगिक प्रवाह की निगरानी

(B) नहरों के जाल का विकास

(C) जल प्रबंधन के लिए बाँध

(D) असम में 'गंगा ग्राम' की स्थापना

14. जल-जनित बीमारियों के सही समुच्चय की पहचान कीजिए।

(A) दमा, सिरदर्द और दस्त (डायरिया)

(B) हेपेटाइटिस, दमा और रक्तचाप

(C) आँतों के कृमि, सिरदर्द और रक्तचाप

(D) हेपेटाइटिस, दस्त (डायरिया) और आँतों के कृमि

*निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए :*

***मानव विकास सूचकांक (2021)***

| क्र. सं. | देश का नाम | एच.डी.आई. मूल्य (2021) |
|---|---|---|
| 1. | इज़राइल | 0·919 |
| 2. | मैक्सिको | 0·758 |
| 3. | स्विट्ज़रलैंड | 0·962 |
| 4. | सिंगापुर | 0·939 |
| 5. | क्यूबा | 0·764 |
| 6. | ऑस्ट्रिया | 0·916 |
| 7. | जर्मनी | 0·942 |
| 8. | चिली | 0·855 |

15. तालिका में दिए गए देशों में निम्नलिखित में से किस महाद्वीप के अधिकतम देश हैं ?

(A) उत्तर अमेरिका
(B) दक्षिण अमेरिका
(C) यूरोप
(D) एशिया

16. निम्नलिखित देशों को मानव विकास सूचकांक मूल्य के निम्न से उच्च क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. सिंगापुर
II. जर्मनी
III. मैक्सिको
IV. इज़राइल

विकल्प :

(A) III, IV, II, I
(B) III, IV, I, II
(C) IV, III, I, II
(D) IV, III, II, I

13. Choose an objective of the 'Namami Gange Programme' from the following :
   (A) To monitor industrial effluents
   (B) To develop the network of canals
   (C) To construct dams for water management
   (D) To develop 'Ganga Grams' in Assam

14. Identify the correct set of water-borne diseases.
   (A) Asthma, Headache and Diarrhoea
   (B) Hepatitis, Asthma and Blood pressure
   (C) Intestinal worms, Headache and Blood pressure
   (D) Hepatitis, Diarrhoea and Intestinal worms

*Study the following table carefully and answer the questions from **15** to **17** :*

***Human Development Index (2021)***

| S. No. | Country's name | HDI Value (2021) |
|---|---|---|
| 1. | Israel | 0·919 |
| 2. | Mexico | 0·758 |
| 3. | Switzerland | 0·962 |
| 4. | Singapore | 0·939 |
| 5. | Cuba | 0·764 |
| 6. | Austria | 0·916 |
| 7. | Germany | 0·942 |
| 8. | Chile | 0·855 |

15. The maximum number of countries given in the table belong to which one of the following continents ?
   (A) North America (B) South America
   (C) Europe (D) Asia

16. Arrange the following countries from low to high order of Human Development Index value and choose the correct option.
   I. Singapore II. Germany
   III. Mexico IV. Israel
   Options :
   (A) III, IV, II, I (B) III, IV, I, II
   (C) IV, III, I, II (D) IV, III, II, I


**17.** सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए।

| | *(देश)* | *(महाद्वीप)* |
|---|---|---|
| (A) | ऑस्ट्रिया | यूरोप |
| (B) | क्यूबा | अफ्रीका |
| (C) | चिली | एशिया |
| (D) | मैक्सिको | दक्षिण अमेरिका |

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* $2 \times 3 = 6$

**18.** दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(18.1) दिए गए रेलमार्ग के टर्मिनल स्टेशनों के नामों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$


17. Choose the correctly matched pair.

| | *(Countries)* | *(Continents)* |
|---|---|---|
| (A) | Austria | Europe |
| (B) | Cuba | Africa |
| (C) | Chile | Asia |
| (D) | Mexico | South America |

## SECTION B

*Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions.* *2×3=6*

18. Study the given map carefully and answer the questions that follow :




(18.1) Mention the names of the terminal stations of the given railway line. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.2) इस रेलमार्ग के पूर्व और पश्चिम दिशा में स्थित महासागरों के नामों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) इस रेलमार्ग के आर्थिक महत्त्व की व्याख्या कीजिए। *1*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर है।*

पार-कैनेडियन रेलमार्ग की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। *3*

**19.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

अनेक व्यवसायी होते हैं जो फीस का भुगतान होने पर अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं। अत: सभी प्रकार की सेवाएँ विशिष्ट कौशल होते हैं जो भुगतान के बदले प्राप्त होते हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, विधि, प्रशासन और मनोरंजन इत्यादि को व्यावसायिक कुशलता की आवश्यकता है। इन सेवाओं को अन्य सैद्धांतिक ज्ञान और क्रियात्मक प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। तृतीयक क्रियाकलाप सेवा सेक्टर से संबंधित हैं। जनशक्ति सेवा सेक्टर का एक महत्त्वपूर्ण कारक है क्योंकि अधिकांश तृतीयक क्रियाकलापों का निष्पादन कुशल श्रमिक, व्यावसायिक दृष्टि से प्रशिक्षित विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं द्वारा होता है। आर्थिक विकास की आरंभिक अवस्थाओं में, लोगों का एक बड़ा अनुपात प्राथमिक सेक्टर में कार्य करता था। एक विकसित अर्थव्यवस्था में बहुसंख्यक श्रमिक तृतीयक क्रियाकलापों में रोज़गार पाते हैं और अपेक्षाकृत कम संख्या में द्वितीयक सेक्टर में कार्यरत होते हैं।

(19.1) कोई व्यक्ति किसी व्यवसायी की सेवा कैसे प्राप्त कर सकता है ? *1*

(19.2) द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रक के मध्य किसी एक अंतर की व्याख्या कीजिए। *1*

(19.3) प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक में संबंध के किसी एक उदाहरण का वर्णन कीजिए। *1*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *4×3=12*

**20.** भारत में 'सौर तापीय ऊर्जा' 'अनवीकरणीय ऊर्जा' की तुलना में क्यों अधिक लाभदायक है ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**21.** "जिस गति से इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क का विस्तार हुआ है वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। *3*

(18.2) Mention the names of the oceans lying in the East and West directions of this railway line. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.3) Explain the economic importance of this railway line. *1*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***18.***

Describe any three characteristics of Trans-Canadian Railways. *3*

**19.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

There are many professionals who provide their services against payment of their fee. Thus, all types of services are special skills provided in exchange of payments. Health, education, law, governance and recreation, etc., require professional skills. These services require other theoretical knowledge and practical training. Tertiary activities are related to the service sector. Manpower is an important component of the service sector as most of the tertiary activities are performed by skilled labour, professionally trained experts and consultants. In the initial stages of economic development, larger proportion of people worked in the primary sector. In a developed economy, the majority of workers get employment in tertiary activity and a moderate proportion is employed in the secondary sector.

(19.1) How can a person avail services of a professional ? *1*

(19.2) Explain any one difference between secondary and tertiary sectors. *1*

(19.3) Describe any one example of the relationship between primary and secondary sectors. *1*

## SECTION C

*Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** Why does 'solar thermal energy' have greater advantage over 'non-renewable energy' in India ? Explain. *3*

**21.** "The speed at which the electronic network has spread is unprecedented in human history." Analyse the statement. *3*

**22.** (क) मानव के प्रकृतीकरण की अवधारणा की परख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) मानव भूगोल के मानवतावादी उपागम की परख कीजिए। *3*

**23.** निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

***भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ***

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल नगरीय जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1931 | 2,072 | 33,456.0 | 11.99 | 19.12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153.3 | 13.86 | 31.97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443.7 | 17.29 | 41.42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |

(23.1) 1941 की तुलना में 1991 में नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या में हुई वृद्धि का उल्लेख कीजिए। *1*

(23.2) किस दशक में नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत में न्यूनतम वृद्धि दर्ज की गई है ? *1*

(23.3) नगरीकरण की दशकीय वृद्धि का वर्णन कीजिए। *1*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *5×5=25*

**24.** प्रवास, किस प्रकार जनसंख्या परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण घटक है ? प्रवास के प्रतिकर्ष और अपकर्ष कारकों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *3+2=5*

**25.** (क) वैयक्तिक संचार तंत्र उपयोगकर्ता को किस प्रकार ज्ञान एवं सूचना की दुनिया में सीधे पहुँच बनाने में सहायक है ? विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) भारत में आयात के बदलते प्रारूप का विश्लेषण कीजिए। *5*

22. (a) Examine the concept of naturalisation of humans. *3*

**OR**

(b) Examine the humanistic approach of human geography. *3*

23. Study the following table carefully and answer the questions that follow :

***India – Trends of Urbanisation***

| Year | Number of Towns/UAs | Urban Population (in Thousands) | % of Total Population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1931 | 2,072 | 33,456.0 | 11.99 | 19.12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153.3 | 13.86 | 31.97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443.7 | 17.29 | 41.42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |

(23.1) Mention the increase in number of towns/UAs in 1991 in comparison to 1941. *1*

(23.2) In which decade is the minimum increase in the percentage of urban population recorded ? *1*

(23.3) Describe the decennial growth of urbanisation. *1*

## SECTION D

*Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

24. How is migration an important component of population change ? Distinguish between push and pull factors of migration. *3+2=5*

25. (a) How does personal communication system enable the user to establish direct contact with the world of knowledge and information ? Analyse. *5*

**OR**

(b) Analyse the changing pattern of imports in India. *5*

**26.** (क) 'साझी संपत्ति संसाधन' की अवधारणा को परिभाषित कीजिए । भारत में साझी संपत्ति संसाधनों की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *1+4=5*

**अथवा**

(ख) भारत में 'सिंचित' और 'वर्षा निर्भर कृषि' में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। *5*

**27.** (क) "पशुफार्मों में पशुपालन वैज्ञानिक आधार पर किया जाता है ।" इस कथन की परख कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "मिश्रित अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक, निजी तथा संयुक्त क्षेत्र के उद्योग होते हैं ।" इस कथन की परख कीजिए। *5*

**28.** (क) "पूरे देश में ग्रामीण जनसंख्या का वितरण समान नहीं है ।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "भारत में श्रम सहभागिता के विभिन्न क्षेत्रकों में व्यापक स्थानिक भिन्नताएँ हैं ।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) में, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं ***पाँच*** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र

B. एक मुख्य समुद्री पत्तन

C. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र

D. एक प्रमुख वायु पत्तन

E. एक आंतरिक जलमार्ग

F. एक प्रमुख वायु पत्तन

G. पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग का एक टर्मिनल स्टेशन

26. (a) Define the concept of 'Common Property Resource'. Explain any four characteristics of common property resources in India. *1+4=5*

**OR**

(b) Distinguish between 'irrigated' and 'rainfed agriculture' in India with examples. *5*

27. (a) "Rearing of animals in ranches is organized on the scientific basis." Examine the statement. *5*

**OR**

(b) "Mixed economies have public, private and joint sector industries." Examine the statement. *5*

28. (a) "The distribution of rural population is not uniform throughout the country." Evaluate the statement with suitable examples. *5*

**OR**

(b) "There is widely spatial variation in different sectors of work participation in India." Evaluate the statement with suitable examples. *5*

## SECTION E

*Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions.* *2×5=10*

29. On the given political outline map of the world (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. An area of nomadic herding

B. A major sea port

C. An area of extensive commercial grain farming

D. A major airport

E. An inland waterway

F. A major airport

G. A terminal station of a trans-continental railway

*नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) दक्षिणी अफ्रीका में चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.2) आस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी भाग में स्थित मुख्य समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.3) दक्षिण अमेरिका के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.4) मैक्सिको के प्रमुख वायु पत्तन का नाम लिखिए।

(29.5) मिस्र के आंतरिक जलमार्ग का नाम लिखिए।

(29.6) जापान के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए।

(29.7) पार-साइबेरियन रेलमार्ग के पश्चिमी सिरे के टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

**30.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) में, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए **:** *5×1=5*

(30.1) चावल के उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.2) उत्तर प्रदेश में एक तेल शोधनशाला

(30.3) वेम्बनाड कायाल के मुहाने पर स्थित समुद्री पत्तन

(30.4) दक्षिणी ओडिशा में स्थित महत्त्वपूर्ण बॉक्साइट की खानें

(30.5) असम का अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

(30.6) दक्षिणी छत्तीसगढ़ में स्थित महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क की खानें

(30.7) दक्षिणी राजस्थान में स्थित महत्त्वपूर्ण ताँबे की खानें

***Note :*** *The following questions are for* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***29****.*

*Answer any* ***five*** *questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name the area of nomadic herding in Southern Africa.

(29.2) Name a major sea port located in South-eastern part of Australia.

(29.3) Name an area of extensive commercial grain farming of South America.

(29.4) Name a major airport in Mexico.

(29.5) Name the inland waterway of Egypt.

(29.6) Name the major international airport of Japan.

(29.7) Name the terminal station of the western end of Trans-Siberian Railway.

**30.** On the given political outline map of India (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state leading in the production of rice

(30.2) An oil refinery in Uttar Pradesh

(30.3) The sea port situated at the head of Vembanad Kayal

(30.4) Important bauxite mines located in southern Odisha

(30.5) The international airport in Assam

(30.6) Important iron ore mines located in southern Chhattisgarh

(30.7) Important copper mines located in southern Rajasthan

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) चावल के उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में तेल शोधनशाला स्थित है।

(30.3) वेम्बनाड कायाल के मुहाने पर स्थित समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(30.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दक्षिणी ओडिशा में महत्त्वपूर्ण बॉक्साइट की खानें स्थित हैं।

(30.5) असम के अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए।

(30.6) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दक्षिणी छत्तीसगढ़ में महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क की खानें स्थित हैं।

(30.7) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दक्षिणी राजस्थान में महत्त्वपूर्ण ताँबा की खानें स्थित हैं।

***Note :*** *The following questions are for* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***30.***

*Answer any* ***five*** *questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state leading in the production of rice.

(30.2) Name the place where an oil refinery is located in Uttar Pradesh.

(30.3) Name the sea port situated at the head of Vembanad Kayal.

(30.4) Name the place where important bauxite mines are located in southern Odisha.


(30.5) Name the international airport in Assam.

(30.6) Name the place where important iron ore mines are located in southern Chhattisgarh.

(30.7) Name the place where important copper mines are located in southern Rajasthan.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

**For question no. 29**



प्रश्न संख्या 30 के लिए

**For question no. 30**

